एक नजर में

मोटोरोला एज 70 फ्यूजन लॉन्च

इंदौर . मोटोरोला ने आज मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में मोटोरोला एज 70 फ्यूजन लॉन्च किया. इस डिवाइस में कैमरा में महत्वपूर्ण इनोवेशन, शानदार विजुअल्स और नेक्स्ट-जेन ऑन-डिवाइस एआई को पेश किया गया है. यह दुनिया का पहला 50एमपीसोनी-एलवायटी 710 कैमरा मोटो एआई के साथ लाता है, जो बेहतरीन लो-लाइट क्लैरिटी, बिना ब्लर के शॉट्स, 100त्न ट्रू कलर्स और पैंटोन द्वारा वैलिडेटेड स्किन टोन्स, साथ ही सभी लेंस पर 4च वीडियो रिकॉर्डिंग देता है. लॉन्च के बारे में मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने कहा मोटोरोला एज 70 फ्यूजन के साथ हमने असाधारण कैमरा परफॉर्मेंस, डिजाइन एक्सीलेंस, इंटेलिजेंट एक्सपीरियंस और अल्ट्रा-रिफाइंड फॉर्म फैक्टर में भरोसेमंद पावर व परफॉर्मेंस देने पर फोकस किया है.

सैमसंग गैलेक्सी एस26 से प्राइवेसी के नए दौर की शुरुआत

इंदौर . सैमसंग ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पेश किया है. इस स्मार्टफोन में दिया गया नया प्राइवेसी डिस्प्ले फीचर पूरी टेक दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है और इसे हर तरफ से काफी सराहना मिल रही है. सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि यह उद्योग में अपनी तरह का पहला फीचर है, जो स्मार्टफोन इंडस्ट्री में प्राइवेसी के एक नए दौर की शुरुआत करता है. उन्होंने कहा, चूंकि अब हम एआई के दौर में हैं, इसलिए गैलेक्सी एस26 सीरीज़ में प्राइवेसी को और भी बेहतर बनाया गया है. थर्ड-पार्टी फिल्टर के विपरीत, प्राइवेसी डिस्प्ले सीधे स्क्रीन के अंदर ही शामिल है. इससे रोजमर्रा के इस्तेमाल में स्क्रीन देखने का अनुभव पहले जैसा ही शानदार रहता है, जबकि साइड एंगल से स्क्रीन पर क्या चल रहा है, यह दिखाई नहीं देता.

पैनासोनिक ने पेश की नई स्मार्ट एसी रेंज

इंदौर . पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशन्स इंडिया ने भीषण गर्मी और बदलते मौसम से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई अपनी वर्ष 2026 की रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला पेश की है. यह नई रेंज, भारतीय घरों की जरूरतों के अनुसार टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और हर तरह की जलवायु में कूलिंग देने के पैनासोनिक के फोकस को दर्शाती है. इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए हीरोकाजु कामोडा, प्रबंध निदेशक, पैनासोनिक एचवीएसी एंड सीसी इंडिया ने कहा हमारी 2026 की आरएसी रेंज के साथ, हम अधिक स्मार्ट, मजबूत और ऊर्जा-कुशल एयर कंडीशनर पेश कर रहे हैं, जो केवल कूलिंग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारतीय परिवारों के लिए स्वस्थ और अधिक आरामदायक वातावरण तैयार करते हैं. हम वित्त वर्ष 2028 तक अपनी बिक्री को लगभग 20 लाख यूनिट तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं.

प्रोस्टेट कैंसर की एक छोटी सी जांच बचा सकती है जान

इंदौर . प्रोस्टेट कैंसर अक्सर चुपचाप होता है. इसके शुरुआती स्टेज में, दर्द नहीं हो सकता, यूरिन पास करने में कोई दिक्कत नहीं हो सकती और कोई साफ़ चेतावनी का संकेत भी नहीं हो सकता. फिर भी यह भारत में पुरुषों को होने वाले मुख्य कैंसर में से एक है. लक्षणों के न होने की वजह से ही कई मामलों का पता उम्मीद से देर से चलता है. रेगुलर स्क्रीनिंग इसे बदल सकती है. एक आसान पीएसए ब्लड टेस्ट से शुरुआती शक हो सकता है, और ज़रूरत पड़ने पर आगे की जांच की जा सकती है. शुरुआती स्टेज में पता चलने पर, प्रोस्टेट कैंसर का इलाज बहुत आसानी से हो सकता है और इसके लंबे समय तक अच्छे नतीजे मिलते हैं. रूबी हॉल क्लिनिक में रोबोटिक सर्जरी और कल्याणी इंस्टीट्यूट ऑफ़ रोबोटिक एचआईएफयू थेरेपी के डायरेक्टर और कंसल्टेंट यूरो -ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हिमेश गांधी बताते हैं, कई पुरुषों के लिए, इलाज को लेकर चिंता उतनी ही ज़रूरी होती है जितनी कि डायग्नोसिस को लेकर चिंता. रोबोटिक एचआईएफयू हमें चुने हुए मरीज़ों का इलाज इस तरह से करने देता है जो सटीक, कम से कम इनवेसिव हो और जीवन की क्वालिटी बनाए रखने पर फोकस करे.

सिद्धचक्र महामण्डल अनुष्ठान में श्रावक बने इन्द्र इन्द्राणी

इंदौर . श्री दिगम्बर जैन महावीर जिनालय, राजमोहल्ला मे अष्टान्हिका महापर्व पर सुशील-कमला पाटनी मुख्य इन्द्र इन्द्राणी एवं समाजजनों द्वारा सिध्दचक्र महामण्डल विधान पर ब्रम्हचारिणी विजया दीदी के सानिध्य में अर्घ अर्पित किये गये. विधान के अन्तिम दिन शान्तिधारा, सिद्ध पूजन, पूर्णाहुति एवं हवन क्रिया निर्विघ्न सम्पन्न हुई. जिसमें महिला मंडल, नवयुवक मण्डल एवं समाजजन ने उत्साहपूर्वक सम्मिलित हो कर भजन एवं भाव नृत्य प्रस्तुत किये.

रियलमी सी83 5जी किया लॉन्च

इंदौर . रियलमी ने अपनी सी-सीरीज़ में रियलमी सी83 5जी का लॉन्च किया, जो लंबी बैटरी लाईफ, अल्ट्रा-स्मूथ विज्युअल और भरोसेमंद 5जी परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है. रियलमी सी83 5जी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.एम.एच बैटरी के साथ 144 हर्ट्ज़ का डिस्प्ले दिया गया है, जो 4 साल तक स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करेगा. रियलमी सी83 5जी में अपने सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.ए.एच की टाईटन बैटरी दी गई है, जो पूरे दिन तक आराम से चलती है. यह 15 वॉट पीडी और 15 वॉट डीसीपी चार्जिंग को सपोर्ट करती है. रियलमी सी83 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 चिपसेट दिया गया है, जो एडवांस्ड 6 एनएम प्रोसेस द्वारा निर्मित है. इस ऑक्टाकोर सीपीयू में 2एक्स कॉर्टेक्स ए76 कोर हैं, जो 2.4 गीगाहर्ट्ज़ की क्लॉक स्पीड पर काम करती हैं। स्मूथ मल्टीटास्किंग, स्थिर गेमिंग और प्रभावशाली 5जी कनेक्टिविटी के लिए इसमें छः एफिशियंसी कोर हैं.

अमेजन पर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग

इंदौर . अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि सैमसंग गैलेक्सी एआई से संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग (ईपीएल) की वापसी हो रही है, जो 6 मार्च से शुरू होगी. इस क्रिकेट सीजन में ग्राहक नवीनतम स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप और टैबलेट से लेकर एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, कैमरा, ऑडियो डिवाइस समेत कई उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर शानदार डील और ऑफर पा सकेंगे. ग्राहकों को उत्पादों पर 65% तक की छूट मिलेगी. अमेजन इंडिया की डायरेक्टर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स जेबा खान ने कहा, पिछले साल का ईपीएल हमारी उम्मीदों से भी आगे रहा और इस साल हम उस महत्वाकांक्षा को हर स्तर पर और आगे बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष हमारा फोकस एआई-संचालित डिवाइसों पर है. हम चाहते हैं कि ग्राहक इस बदलाव को सीधे अनुभव करें.

इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का शुभारंभ

इंदौर . शहर में व्यापार और संस्कृति के संगम का प्रतीक इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2026 का भव्य शुभारंभ हो गया. यह मेला 6 से 16 मार्च तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है. आयोजन गुप्ता इवेंट मैनेजमेंट प्रा. लि. द्वारा किया गया है, जो पिछले 15 वर्षों से सफल प्रदर्शनियों और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए जाना जाता है. आयोजन की डायरेक्टर पायल आचार्य ने बताया कि इस वर्ष मेले में भारत के 22 राज्यों और 10 देशों की भागीदारी है, जहां 1 लाख से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है. मैनेजिंग डायरेक्टर सुजीत कुमार गुप्ता के अनुसार मेले में कश्मीर से दक्षिण भारत तक के फर्नीचर, सोफा सेट, डाइनिंग सेट, हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम उत्पाद उपलब्ध हैं. इसके साथ ही अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, ईरान के खजूर, थाईलैंड की ज्वेलरी व फुटवियर, कोरियन लेडीज एक्सेसरीज़, दुबई के परिधान और सिंगापुर के विशेष वॉल फ्रेम्स भी आकर्षण का केंद्र हैं।

एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने 'संकल्प' का ट्रेलर किया रिलीज

इंदौर . एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी आगामी सामाजिक-राजनीतिक थ्रिलर सीरीज़ संकल्प का दमदार ट्रेलर लॉन्च किया. इस सीरीज़ के साथ दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपना बहुप्रतीक्षित स्ट्रीमिंग डेब्यू कर रहे हैं। प्राचीन चाणक्य-चंद्रगुप्त की कथाओं से प्रेरित यह सीरीज़ आधुनिक भारत के संदर्भ में राजनीतिक रणनीति को नए अंदाज़ में प्रस्तुत करती है, जहाँ सत्ता की लड़ाई का मैदान राजमहलों के बजाय कक्षाओं में दिखाई देता है. ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे संसार की झलक देता है, जो तीन शक्तियों- संस्कार, सत्ता और समर्पण से संचालित होता है. एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के डायरेक्टर और हेड ऑफ़ कंटेंट, अमोघ दुसाद ने कहा, 'संकल्प' एक तीव्र, समकालीन सामाजिक-राजनीतिक रोमांचक श्रृंखला है, जिसमें प्रभावशाली और बड़े व्यक्तित्व वाले पात्रों के माध्यम से सत्ता, विश्वास और मानवीय प्रेरणाओं की पड़ताल की गई है.

राम नवमी पर मेट्रो का दूसरा चरण शुरू होना संभव : विजयवर्गीय

▶ आईडीए में हुई विभागीय बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. रामनवमी के दिन शहर में सुपर कॉरिडोर से मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो शुरू होने के संभावना बढ़ गई है. आज विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उक्त मामले में कहा कि रामनवमी पर दूसरे चरण पर मेट्रो संचालन संभव है और मुख्यमंत्री से फाइनल होना है.

आज नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आईडीए सभागृह में मेट्रो रेल, नगर निगम और प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक ली. वैसे तो बैठक का मुख्य मुद्दा बड़ा गणपति पर बनने वाले ओवर ब्रिज, मेट्रो स्टेशन और नर्मदा एवं ड्रेनेज लाइन शिफ्टिंग और निर्माण कार्य था. मंत्री विजयवर्गीय आज करीब 3 बजे आईडीए कार्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बताया कि बड़े गणपति पर आईडीए द्वारा ओवर ब्रिज बनाया जाना है. दूसरी तरफ बड़ा गणपति चौराहे पर मेट्रो का अंडर ग्राउंड स्टेशन आ रहा है. तीसरा चौराहे और मुख्य सड़क से नर्मदा एवं ड्रेनेज लाइन भी जा रही है. उक्त मेट्रो स्टेशन और ओवर ब्रिज निर्माण में नगर निगम की लाइन सबसे बड़ा समस्या है. उक्त लाइनों को शिफ्ट करने और उसकी कार्य योजना को लेकर अधिकारियों और ठेकेदार के साथ बैठक थी कि कैसे शिफ्टिंग और अन्य कार्य होंगे?

समय सीमा में पूरा काम हो जाए

विजयवर्गीय ने कहा कि दो तीन दिन बाद एक सूक्ष्म बैठक और होगी, ताकि सिंहस्थ का ध्यान रखते हुए समय सीमा में काम पूरा हो जाएं. सिंहस्थ प्रदेश का सबसे बड़ा आयोजन है, जिसमें हर काम समय से पूरा करना अनिवार्य है. विजयवर्गीय से मेट्रो के दूसरे चरण के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा कि रामनवमी पर मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो का संचालन शुरू होना संभव है. मुख्यमंत्री से तय होना है. बाकी तैयारी हो चुकी है और सरकार का लक्ष्य भी है कि मार्च में शुरू करना है.

हिंदी पेपर के साथ 10वीं की बोर्ड परीक्षा समाप्त

नवभारत न्यूज़

इन्दौर. जिले में बोर्ड परीक्षाओं का दौर अंतिम चरण में पहुंच गया है. शुक्रवार को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा हिंदी विषय के पेपर के साथ समाप्त हो गई. वहीं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा शनिवार को समाप्त हो जाएगी.

इससे पहले 5वीं और 8वीं कक्षा की परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और इनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है. इसी बीच 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की पहली लॉट की करीब 40 हजार उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं. शिक्षा विभाग के अनुसार जिन विषयों के लिए जितने शिक्षकों की आवश्यकता है, उन्हें संबंधित मूल्यांकन केंद्रों पर भेजा जा रहा है ताकि तय समय सीमा के भीतर कॉपियों की जांच पूरी की जा सके. कक्षा पहली से 11वीं तक की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षा नहीं होतीं, इन्हें स्थानीय परीक्षा कहा जाता है. इन सभी कक्षाओं की परीक्षाएं 27 मार्च तक पूरी हो जाएंगी. समय पर मूल्यांकन पूरा करने पर जोर-बोर्ड द्वारा तय की गई समय-सीमा में मूल्यांकन कार्य पूरा किया जाता है, क्योंकि कई जिलों की कॉपियां एक ही केंद्र पर जांच के लिए आती हैं और प्रतिदिन नई कॉपियां भी पहुंचती रहती हैं.

आज खत्म होगी 12वीं की बोर्ड परीक्षा

देर से पहुंचने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कई बार कुछ शिक्षक मूल्यांकन केंद्रों पर समय पर नहीं पहुंचते हैं. ऐसे में देर से आने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, ताकि मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो और समय पर पूरा किया जा सके.

अवैध खनन को लेकर प्रशासन ने लगाया 7.82 करोड़ का जुर्माना

इंदौर. आज प्रशासन ने जवाहर टेकरी पर अवैध खनन कर्ण को लेकर एक ठेकेदार फर्म पर 7 करोड़ 82 लाख रुपए से ज्यादा का जुर्माना लगाया है. उक्त जुर्माना तय सीमा से ज्यादा और अवैध रूप से खनन कर व्यवसाय करने के खिलाफ लगाया गया है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य की कोर्ट ने आकाश इंटरप्राइजेस पर अवैध खनन के मामले में आज निर्णय दिया. जवाहर टेकरी पर आकाश इंटरप्राइजेस केके रिंगनोदिया पंचायत के सड़क निर्माण के लिए मुरम खोदने की अनुमति दी गई थी. आकाश इंटरप्राइजेस के संचालकों ने निर्धारित सड़क निर्माण के अतिरिक्त खनन किया और बाजार में अवैध रूप से मुरम बेचकर व्यवसाय किया, जिसकी अनुमति नहीं थी. मामले में अवैध खनन का प्रकरण दर्ज कर अपर कलेक्टर के न्यायलय में सुनवाई हुई. आज अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य ने सभी पक्षों को सुनकर फैसला दिया,

इंदौर स्वच्छता में फिर सिरमौर जन सहयोग से ही बनेगा : मेयर

▶ महापौर ने किया नगर निगम के वार्ड 66 का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज महापौर ने नगर निगम के वार्ड 66 में जन संवाद कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया. इस दौरान महापौर ने जनसहयोग निर्मित बेकलेन , पलसीकर और त्रिवेणी कॉलोनी के बगीचे का अवलोकन किया. साथ ही बैकलेन की सफाई और सुंदर पेंटिंग्स की सराहना की.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज वार्ड 66 में दुबे का बगीचा, पलसीकर कॉलोनी, गोल उद्यान सहित कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया. महापौर ने पलसीकर कॉलोनी के गोल उद्यान में रहवासियो से स्वच्छता एवं विकास कार्यों को लेकर संवाद किया. उन्होंने नागरिकों से आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की. महापौर ने कहा कि इंदौर शहर लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अग्रणी रहा है और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में भी नागरिकों की सहभागिता से एक बार फिर स्वच्छता में सिरमौर बनेगा. उन्होंने कहा कि घरों से निकलने वाले अनुपयोगी सामान को वार्ड में स्थापित 3 आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) सेंटर पर जमा कराए, उक्त वस्तुओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सके. महापौर ने नागरिकों से अपने घरों में सोलर प्लांट लगाने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिक से अधिक घरों में सौर ऊर्जा का उपयोग तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था हो. निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, भारत पारख, पार्षद कंचन गिदवानी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

जनसहयोग से निर्मित बैकलेन को भी देखा...

महापौर ने वार्ड क्रमांक 66 के दुबे का बगीचा क्षेत्र में जनसहयोग से निर्मित बैकलेन का अवलोकन किया. नागरिकों के सहयोग से बैकलेन को स्वच्छ एवं दीवारों पर सुंदर पेंटिंग की गई है. बच्चों के क्रिकेट सहित अन्य खेल गतिविधि की कर सकते है. महापौर भार्गव ने उक्त कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे काम जनभागीदारी से शहर की स्वच्छता और सौंदर्य को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं.

पलसीकर कॉलोनी में गोल बगीचे का किया निरीक्षण

महापौर भार्गव द्वारा पलसीकर कॉलोनी स्थित गोल उद्यान का अवलोकन किया गया. निरीक्षण के दौरान उद्यान में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सुधार कार्य करने के अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो.

सीयूईटी पीजी 6 से 27 मार्च तक, इंदौर में 15 हजार से ज्यादा विद्यार्थी देंगे परीक्षा

नवभारत न्यूज़

इन्दौर. कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पीजी (सीयूईटी) की परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी. परीक्षा तीन सत्रों में आयोजित की जाएगी. इंदौर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर करीब 15 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं इसमें शामिल होंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एडमिट कार्ड के साथ परीक्षा से जुड़ी गाइडलाइन भी जारी कर दी है.

विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है. परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड का साफ प्रिंटआउट और एक वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या पासपोर्ट लाना अनिवार्य रहेगा. इन दस्तावेजों के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा.

इस बार सीयूईटी पीजी में 157 विषयों की परीक्षा होगी: प्रश्नपत्र 300 अंकों का रहेगा, जिसे हल करने के लिए 90 मिनट का समय दिया जाएगा. परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी सहित 41 भाषाओं में उपलब्ध रहेगी. हालांकि एमटेक और उच्च विज्ञान के प्रश्नपत्र केवल अंग्रेजी में होंगे, जबकि आचार्य पाठ्यक्रम के पेपर संस्कृत में होंगे. भारतीय ज्ञान प्रणाली और बौद्ध दर्शन के प्रश्नपत्र हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी तीन भाषाओं में होंगे. सीयूईटी पीजी के माध्यम से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा.

मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर, बैग या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं होगी. केवल पारदर्शी पानी की बोतल और साधारण पारदर्शी बॉल पेन ले जाने की अनुमति है. रफ शीट परीक्षा कक्ष में दी जाएगी, जिसे परीक्षा के बाद लौटाना होगा. प्रत्येक सही उत्तर पर अंक मिलेंगे, जबकि गलत उत्तर पर नेगेटिव मार्किंग भी लागू रहेगी.

रंग पंचमी पर कल निकलेगी रंगारंग गेर

▶ डीजे प्रतिबंधित, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

▶ कलेक्टर, पुलिस के साथ आयोजकों की बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में कल रंगपंचमी पर रंगारंग गेरे निकलेगी. इसको लेकर आज कलेक्टर कार्यालय में गेर आयोजकों और प्रशासन के अधिकारियों के बैठक हुई. बैठक में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है और जनता की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं.

शहर में रविवार 8 मार्च को परंपरागत रंग पंचमी का त्यौहार मनाया जाएगा. रंगपंचमी पर शहर के तय मार्गों से विभिन्न संस्थाओं द्वारा रंगारंग गेर निकाली जाएगी. कलेक्टर शिवम वर्मा और डीसीपी आनंद कलादगी की मौजूदगी में हुई बैठक में बताया गया कि हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी. गेर में डीजे प्रतिबंधित रहेगा. गेर की व्यवस्थाओं को प्रशासन, पुलिस और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों से ही बेहतर बनाया जा सकता है. गेर आयोजन की तैयारियां अंतिम दौर में है. गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकलेगी. कलेक्टर वर्मा ने गेर आयोजकों से कहा कि अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय पर तय क्रम से ही निकालें. समय का विशेष रूप से पालन करें. आयोजक यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो. पूर्ण शालीनता बनी रहे. कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें और न ही गेर में शामिल लोगों पर फेंके. बैठक में बताया गया कि डीजे प्रतिबंधित रहेगा. आयोजकों से गेर में अनुमति प्राप्त वाहनों को ही शामिल करने का कहा गया. वाहन के ड्राइवर का लाइसेंस हो. बैठक में आयोजकों बताया गया कि राधा-कृष्ण फाग यात्रा ,टोरी कार्नर, मारल क्लब, संगम कार्नर आदि संस्थाओं द्वारा निकाली जाएगी.

ड्रोन और वॉच टॉवर से निगरानी

बैठक में डीसीपी आनन्द कलादगी ने कहा कि आयोजन के दौरान सीसीटीवी, ड्रोन, वीडियो कैमरों और वाच टावर से विशेष निगरानी रखी जाएगी. सभी स्वागत मंच सड़क के एक तरफ लगवाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुड़दंग करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा. हथियार सहित पकड़े जाने पर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई होगी. शराबियों पर भी कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा कि गेर इंदौर की गौरवशाली धरोहर है और सबके सहयोग से ही अधिक बेहतर बनाया जा सकता है. बैठक में प्रशासन ने बताया गया कि आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, चिकित्सकों की विशेष व्यवस्था की जाएं. बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल,एडीएम रोशन राय सहित जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

एक नजर में ▶ मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में शताब्दी सम्मान समारोह

हमारी संस्कृति सप्त सिंधु के समान : सत्तन

इंदौर. निजत्व को छोड़कर समाज के लिए जो लिखा जाता है वह साहित्य कालजयी होता है. भारतीय संस्कृति में इतिहास, दर्शन, राजनीति, अर्थ, नियम के साथ किरात और निषाद संस्कृति भी सम्मिलित है.

उपर्युक्त विचार विद्वानों ने आज मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में समिति शताब्दी सम्मान समारोह के शुभारंभ अवसर पर कहे.

उद्घाटन सत्र में माँ वीणापाणि की वंदना डॉ. शशि निगम ने की एवं प्रधानमंत्री अरविन्द जवलेकर ने शताब्दी अलंकरण के संदर्भ में विस्तार से बताया. इसके पश्चात् प्रथम सत्र में 'वीणा' की शताब्दी और इसका साहित्यिक अवदान' विषय पर 'वीणा' के संपादक राकेश शर्मा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारी संस्कृति और भाषा को सुनियोजित तरीके से नष्ट करने के कई तरीके अपनाये गये, पर हम अखण्ड रहे और उसमें 'वीणा' का योगदान अतुलनीय रहा है. ललित निबंधकार नर्मदाप्रसाद उपाध्याय ने संस्कृति, 'वीणा' पत्रिका और भारतीय ललित कलाओं के संदर्भ में कई उद्धरण प्रस्तुत किये. उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में दर्शन, आध्यात्म के साथ किरात और निषाद की संस्कृति के भी दर्शन तुलसीदासजी कराते हैं, हमारे शिलालेख बोलते हुए नजर आते है. सत्र की अध्यक्षता करते हुए समिति के सभापति सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि हमारी संस्कृति सप्त सिंधु के समान है. सत्र का संचालन गोपाल माहेश्वरी ने किया. आभार राजेश शर्मा ने माना. 7 मार्च को प्रात: 10:30 बजे माधव कौशिक एवं सुषमा मुनीन्द्र को समिति शताब्दी सम्मान से अलंकृत किया जायेगा.

भारतीय ज्ञान परंपरा सशक्त

दूसरे सत्र में 'भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण' विषय की प्रस्तावना अरविन्द जवलेकर ने प्रस्तुत की. इसके पश्चात् माधव कौशिक ने कहा कि सांस्कृतिक जागरण की शुरुआत लोकमाता अहिल्याबाई ने की थी. कालिदास अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे ने कहा कि अब हम अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे है, उसमें आवास, खानपान और संस्कार शामिल हैं. इन्हें पुनर्जाग्रत करना है. नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा, शास्त्र परम्परा इतनी सशक्त है कि इसका प्रभाव दुनिया पर स्पष्ट देखा जा सकता है.

रचनाकार स्मृति आदित्य को शिवना कृति सम्मान

इंदौर. शहर की लेखक व वामा साहित्य मंच की सचिव स्मृति आदित्य को वर्ष 2025 का शिवना कृति सम्मान उनकी डायरी पुस्तक अब मैं बोलूंगी के लिए दिया गया है.

यह सम्मान उन्हें ज्ञान चतुर्वेदी ,यतींद्र मिश्र ,संतोष चौबे,प्रेम जनमेजय जैसे वरिष्ठ साहित्यकारों से सज्जित मंच पर शिवना साहित्य समागम (सीहोर लिटरेचर फेस्टिवल) में 28 फरवरी को प्रदान किया गया. शिवना प्रमुख पंकज सुबीर ने इस कार्यक्रम का संचालन किया और वामा साहित्य मंच की अध्यक्ष व आयोजक समिति प्रमुख ज्योति जैन सहित 30 से अधिक मंच की सदस्य इस समारोह में शामिल रहीं. देश भर के दिग्गज साहित्यकार, पत्रकार और कला जगत की हस्तियाँ इस आयोजन में उपस्थित थे. स्मृति की यह किताब पत्रकारिता के खट्टे मीठे अनुभव पर लिखी गई है.